Castes and Scheduled Tribes on the Ministry of Industry (Department of Heavy Industry)—Reservations for and employment of Scheduled Castes and Scheduled Tribes in Cement Corporation of India Ltd.

(ii) Thirty-fourth Report on Action Taken by Government on the recommendations contained in the Twenty-first Report (Tenth Lok Sabha) of the Committee on the Welfare of Scheduled Castes and Scheduled Tribes on the Ministry of Human Resource Development (Department of Education)—Reservations for and employment of Scheduled Castes and Scheduled Tribes in Kendriya Vidyalaya Sangathan and Kendriya Vidyalaya including Reservations for Scheduled Castes and Scheduled Tribes in admission therein.

(iii) Thirty-sixth Report of the Committee on the Welfare of Scheduled Castes and Scheduled Tribes on the Ministry of Finance (Deptt. of Economic Affairs—Investment Division)—Reservations for and employment of Scheduled Castes and Scheduled Tribes in Unit Trust of India

REPORTS AND MINUTES OF THE STANDING COMMITTEE ON LABOUR AND WELFARE,

मौलाना अबेदुल्ला खान आजमी (उत्तर प्रदेश) : महोदया म श्रम और कल्याण संबंधी स्थायी समिति की (i) श्रम मंत्रालय की अनुदान मांगों—1994-95; और (ii) कल्याण मंत्रालय की अनुदान मांगों—1994-95 के संबंध में चौथे और पांचवें प्रतिवेदनों तथा उसके संबंध में समिति की बैठकों के कार्यवृत्त की एक-एक प्रति (अंग्रेजी तथा हिन्दी में) सभा पटल पर रखता हूं ।

REPORTS AND MINUTES OF THE STANDING COMMITTEE ON URBAN AND RURAL DEVELOPMENT

श्री शिव प्रसाद चुनपुरिया (मध्य प्रदेश) : महोदया, मैं शहरी विकास मंत्रालय की अनुदान मांगों (1994-95) के संबंध में शहरी और ग्रामीण विकास संबंधी स्थायी समिति के पांचवे प्रतिवेदन और तत्संबंधी समिति की बैठकों के कार्यवृत्त की एक प्रति (अंग्रेजी तथा हिन्दी में) सभा पटल पर रखता हूं ।

MOTION FOR ELECTION TO THE CENTRAL SILK BOARD

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF TEXTILES (SHRI G. VENKAT SWAMY) : Madam, I beg to move the following Motion :—

"That in pursuance of clause (c) of sub-section (3) of section 4 of the Central Silk Board Act, 1948 (61 of 1948) read with sub-rule (2) of rule 5 of the Central Silk Board Rules, 1955, this House do proceed to elect in such manner as the Chairman may direct, one member from among the members of the House to be a member of the Central Silk Board in the vacancy caused by the retirement of Shri H. Hanumanthappa from the membership of Rajya Sabha on the 2nd April, 1994."

The question was put and the motion was adopted.

REFERENCES

Need to Provide Security *to* Members of Parliament

श्री सत्य प्रकाश मालवीय (उत्तर प्रदेश) : उपसभापति महोदया, मैं सदन के जो वर्तमान सदस्य हैं उनके जीवन की सुरक्षा संबंधी एक विषय आपकी अनुमति से उठाना चाहता हूं । मध्य प्रदेश में कल एक बैठक हुई थी इसी सत्ता पार्टी की । वहां पर इसी सत्ता पार्टी की सरकार है और वही सत्ता पार्टी की सरकार दिल्ली में है । वहां जो सत्ता पार्टी के अध्यक्ष है वे मुख्य मंत्री बन गये है । किसी अध्यक्ष पद की रिक्ति के लिए वहां मीटिंग हो रही थी, जहां पर दो सदस्य जो वर्तमान सदस्य हैं वे उपस्थित थे और आब्जर्वर होकर, पर्यवेक्षक होकर गये थे । दो सदस्य इसी सदन के मध्य प्रदेश के वहां पर मौजूद थे । माननीय उपसभापतिजी, वहां पर बम चला, गोला चला, लाठी चली, चक्कू चला . . .

श्री आरिफ खान फोतेदार : (उत्तर प्रदेश) : गोली नहीं चली ।

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : बम चले, गोली मैंने नहीं कहा । बमबाजी हुई वहां पर । यह तो कहिए, खुदा का शुक्र है कि इन माननीय सदस्यों